भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3325
उत्तर देने की तारीख-16/12/2024

स्कूलों में इंटरनेट सुविधा

†3325. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी:
एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इंटरनेट तक पहुंच रखने वाले सरकारी और निजी स्कूलों की राज्य-वार कुल संख्या और प्रतिशत कितना है; और
(ख) सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिदान सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को डिजिटल उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में प्रशिक्षित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) इंटरनेट कनेक्शन वाले सरकारी और निजी स्कूलों की कुल संख्या और प्रतिशत का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ख): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने वर्ष 2019-20 में केंद्र प्रायोजित योजना समग्र शिक्षा के तहत निष्ठा - स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल नामक एक एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर अधिगम परिणामों में सुधार करने के लिए एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया है। निष्ठा "एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार" के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम है।

शिक्षकों को निरंतर अधिगम के अवसर उपलब्ध कराने के लिए, अक्टूबर 2020 में दीक्षा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके निष्ठा ऑनलाइन शुरू किया गया था। शिक्षकों को अधिगम परिणामों, योग्यता आधारित शिक्षण और जांच, कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित शिक्षण-अधिगम में आईसीटी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई थी।

****

अनुलग्नक

'स्कूलों में इंटरनेट सुविधा' के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी और एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी द्वारा पूछे गए दिनांक 16.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3325 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

इंटरनेट कनेक्शन वाले सरकारी और निजी स्कूलों की कुल संख्या और प्रतिशत का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	सरकारी प्रबंधन			निजी प्रबंधन		
	कुल स्कूल	इंटरनेट कनेक्शन वाले स्कूल	प्रतिशत	कुल स्कूल	इंटरनेट कनेक्शन वाले स्कूल	प्रतिशत
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	342	133	38.89	72	52	72.22
आंध्र प्रदेश	45137	20313	45.00	15058	13560	90.05
अरुणाचल प्रदेश	2985	458	15.34	503	284	56.46
असम	45490	4680	10.29	5852	1945	33.24
बिहार	75558	4421	5.85	8097	3493	43.14
चंडीगढ़	123	123	100.00	76	76	100.00
छत्तीसगढ	48743	16469	33.79	7063	4066	57.57
दमन और दीव - दादरा और नगर हवेली	388	194	50.00	63	61	96.83
दिल्ली	2762	2762	100.00	2610	2610	100.00
गोवा	814	299	36.73	139	121	87.05
गुजरात	34699	32681	94.18	13559	12153	89.63
हरियाणा	14562	4345	29.84	8261	7160	86.67
हिमाचल प्रदेश	15380	4175	27.15	2646	2040	77.10
जम्मू एवं कश्मीर	23173	5169	22.31	5526	3345	60.53
झारखंड	35840	12052	33.63	1559	1153	73.96
कर्नाटक	49679	5308	10.68	19650	14145	71.98
केरल	5010	4738	94.57	3164	3010	95.13
लद्दाख	838	342	40.81	112	63	56.25
लक्षद्वीप	38	37	97.37	0	0	0.00
मध्य प्रदेश	92695	16469	17.77	30345	17339	57.14
महाराष्ट्र	65639	18540	28.25	19268	16542	85.85
मणिपुर	2889	340	11.77	1010	617	61.09
मेघालय	7783	1111	14.27	2120	488	23.02
मिजोरम	2563	153	5.97	1034	114	11.03
नागालैंड	1960	850	43.37	757	532	70.28
उड़ीसा	49072	3970	8.09	6104	3717	60.89
पुदुचेरी	422	422	100.00	281	271	96.44
पंजाब	19259	9013	46.80	7978	7026	88.07
राजस्थान	68948	36889	53.50	34826	26170	75.15
सिक्किम	864	231	26.74	376	195	51.86
तमिलनाडु	37636	9292	24.69	12396	9323	75.21
तेलंगाना	30023	2772	9.23	12193	6917	56.73
त्रिपुरा	4262	682	16.00	363	175	48.21
उत्तर प्रदेश	137024	12074	8.81	97808	35701	36.50
उत्तराखंड	16484	2575	15.62	5225	3245	62.11
पश्चिम बंगाल	83302	12918	15.51	9750	2565	26.31
भारत	**1022386**	**247000**	**24.16**	**335844**	**200274**	**59.63**

स्रोत: यूडीआईएसई+ 2021-22